हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 07 दिसंबर 2020, देहरादून, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, गढ़वाल संस्करण
www.livehindustan.com

# उत्तरकाशी में किसानों को वितरित किए मृदा कार्ड

उत्तरकाशी | **हमारे संवाददाता**

विश्व मृदा (मिट्टी) दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को मिंट्टी की सेहत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वहीं किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए।

कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डा.पंकज नौटियाल ने किसानों को मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों और समय-समय पर इसकी जांच के फायदे बताए। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक पी सुनील मोहन कृष्णन किसानों के साथ चर्चा में मिट्टी के परीक्षण पर जोर दिया। इस मौके पर केंद्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ डॉ. गौरव पपनै एवं वरुण सुप्याल ने किसानों को उनकी जमीन से मिट्टी के नमूने लेने के तरीके बताने के साथ ही मृदा परीक्षण कराकर इसके अनुरूप फसल चयन के लिए प्रेरित किया।